प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0**
**(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)**
**सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031**

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 2013 — दिनॉक 04 अगस्त, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थाएं।

विषयः प्रयोग — शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर द्वितीय चरण की परीक्षाओं में अनुचित साधन (UFM) के अन्तर्गत आने वाले छात्र / छात्राओं के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर द्वितीय चरण की परीक्षाएं जो दिनांक 28 फरवरी, 2025 से 22 मार्च 2025 के मध्य सम्पन्न करायी गई है। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले कतिपय छात्र / छात्रा परीक्षा के दौरान अनुचित साधन के प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत पाये गये हैं, ऐसे सभी छात्र / छात्राएं अपना स्पष्टीकरण पत्र के माध्यम से दिनांक 10 अगस्त, 2025 तक कार्यालय के ई–मेल aktuufm@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि सम्बन्धित छात्र / छात्रा के परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व सम्बन्धित छात्र के द्वारा प्रस्तुत पक्ष पर UFM समिति द्वारा अवलोकन करते हुए यथोचित निर्णय लिया जा सके। यदि किसी छात्र / छात्रा द्वारा निर्धारित उक्त तिथि तक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि सम्बन्धित छात्र / छात्रा को कुछ नहीं कहना है।

**उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि सम्बन्धित छात्र द्वारा अपना स्पष्टीकरण देते समय अनुक्रमांक एवं सम्बन्धित विषय कोड अवश्य लिखा जाय तथा ई–मेल केवल एक ही बार किया जाय।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Deepak Nagaria
04/08/2025

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव, / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. श्री विकास पटेल, उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक